हिन्दुस्तान
भरोसा नए हिन्दुस्तान का
शुक्रवार
PAGE NO : 13 BOTTOM

एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज में अतिथियों का स्वागत करते चेयरमैन देव मूर्ति।

कोक्लियर इंप्लांट वर्कशॉप में की गई लाइव सर्जरी

बरेली, वरिष्ठ संवाददाता । एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज में पांचवीं कोक्लियर इंप्लांट वर्कशाप का आयोजन हुआ।लाइव सर्जरी के साथ विशेषज्ञों ने कोक्लियर इंप्लांट के संबंध में विभिन्न विषयों पर जानकारी दी।

वर्कशॉप में लखनऊ, मेरठ, पीलीभीत, मुरादाबाद, शाहजहांपुर, बदायूं और बरेली के मेडिकल कॉलेजों से संबद्ध 50 से अधिक ईएनटी विशेषज्ञ शामिल हुए। सुबह फर्स्ट कॉक्लियर इंप्लांट केस से हुआ, जहां दो साल के बच्चे को प्रत्यारोपित किया । ऑर्गनाइजिंग चेयरमैन व ईएनटी विभागाध्यक्ष डॉ.रोहित शर्मा ने कहा कि तीन वर्ष तक प्रति वर्ष दो कोक्लियर इंप्लांट का खर्च एसआरएमएस ट्रस्ट की ओर से उठाया गया। डायरेक्टर एडमिनिस्ट्रेशन आदित्य मूर्ति ने कहा कि कोक्लियर इंप्लांट से कई बच्चे अब सुन पा रहे हैं।इस मौके पर एसआरएमएस ट्रस्ट के संस्थापक व चेयरमैन देव मूर्ति, डॉ. एमएस बुटोला, डॉ. अमित राणा, डॉ. नेहा शर्मा आदि मौजूद रहे।